# आईआईएस विवि में योग कैंप आयोजित




**जयपुर।** द आईआईएस डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल सर्विस स्कीम एवं एनसीसी ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर परिसर में योग कैंप का आयोजन किया। इस कैंप के अंतर्गत विश्वविद्यालय की योगा टीचर जानकी पारीख ने छात्राओं व शिक्षकों को न केवल योगा कराया, बल्कि उन्हें योगसे जुड़े शारीरिक व मानसिक लाभ से भी अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रार्थना से हुई। तत्पश्चात योग शिक्षक ने उपस्थित सदस्यों को योग आसन व ध्यान केंद्रित करना सिखाया। जानकी पारीख ने ताड़ासन, वृक्षासान, अधोमुखी आसन, त्रिकोणासन, नौकासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन आदि आसन सिखाए। इतना ही नहीं जानकी पारीख ने प्राणायाम व अनुलोम-विलोम को सही तरीके से करना भी सिखाया। योग दिवस के अवसर पर जानकी पारीख का कहना था कि योग में सिर्फ आसन ही शामिल नहीं हैं बल्कि योग आसन के साथ-साथ ध्यान, शारीरिक अनुशासन एवं भक्तिमय जाप का अनूठा संगम है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rashtradoot**
**18/12/2017**

# स्वच्छ भारत अभियान के बाद जयपुर शहर बना और खूबसूरत : वी के सिंह

- 'नए भारत के निर्माण में युवाओं की भागेदारी अहम'
- 1700 से अधिक छात्राओं को बांटी डिग्रियां

जयपुर,(कासं)। विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वी के सिंह शनिवार को दी आई आई एस विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हए वी के सिंह ने कहा कि जिस तरह से महिलाएं उच्च विभागों में महत्वपूर्ण पद संभाल रही हैं ऐसे में 21वीं सदी महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से एक अभूतपूर्व युग है। निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागेदारी ने सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दिया है। अगर परिवार की बात की जाए तो केवल मां ही बदलाव ला सकती है। डॉ. वी के सिंह ने युवा छात्राओं को देश के एक बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैं जब भी युवाओं को देखता हूं तो मुझे उनमें एक आषा की किरण नज़र आती है। भारत बदल रहा है। स्वच्छ भारत अभियान ने देष में बदलाव की लहर चलाई है। अगर जयपुर की बात की जाए तो अब यह पहले जैसा न होकर काफी साफ-सुथरा हो गया है। सिंह ने आगे कहा कि सरकार की कोई भी योजना तब सफल होगी जब जनता उसमें भागीदारी लेगी।

कुलपति डॉ.अशोक गुप्ता ने दीक्षांत समारोह को आरंभ करने की घोषणा करने की साथ ही मुख्य अतिथि सहित उपस्थित स्टूडेंट्स, पेरेंट्स का स्वागत किया।

दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को 1741 डिग्री एवं डिप्लोमा वितरित किए गए जिनमें से 38 पीएचडी, 02 एमफिल, 513 स्नातकोत्तर, 1150 स्नातक की छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई एवं 39 छात्राओं को एडवांस्ड डिप्लोमा सर्टिफिकेट दिए गए। साथ ही इस मौके पर प्रतिभाषाली स्टूडेंट्स को शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 59 गोल्ड मेडल एवं प्लाक्स, 16 एन्डावमेंट अवाईस एवं 281 मेरिट सर्टिफिकेट्स देकर सराहा गया। आर्ट्स एवं सोशल साइंसेस में 14, कॉमर्स एवं मैनेजमेंट में 17, साइंस में 19 टापर्स को गोल्ड मेडल दिए गए इसके अतिरिक्त बेहतर प्रदर्शन करने वाली 9 छात्राओं को प्लाक्स दिए गए।

फिज़िक्स एंव गणित में सर्वोत्तम अंक हासिल करने के लिए निफीया सिंह को क्रमशः राम प्यारी-सुरजी मेमोरियल गोल्ड मेडल एवं जे पी गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल, एडवर्टाइज़िंग एंड ब्रांड मैनेजमेंट में सर्वोत्तम अंक हासिल करने के लिए रूबल अग्रवाल को ओ पी बंसल मेमोरियल गोल्ड मेडल अवार्ड एवं स्पोर्ट्स में उत्कृश्ट प्रदर्शन के लिए निवेदिता राठौड़ को अदिति सांघी मेमोरियल अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।




विदेश राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह और आईआईएस यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने शनिवार को दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री व डिप्लोमा प्रदान किये। फोटो-राष्ट्रदूत

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**DNA**
**14/12/2017**



# Swaraj ke liye




National Service Scheme of The IIS Deemed to be University inaugurated the seven days NSS Camp on Wednesday. Former DGP, IPS Ajit Singh was the chief guest on the occasion. He motivated the NSS volunteers to become a responsible citizen of the country and said that a nation can be good if its people are good.

"Be a good individual and a responsible citizen, and everything else will fall into place," said Singh. NSS coordinator Prof Sharad Rathore apprised the gathering about the activities going to take place in these seven days. She informed that NSS has officially adopted five government schools and one NSS volunteer would be looking after one government school student. NSS volunteers will spread awareness on various hygiene, environmental and social issues such as child labour, cleanliness, save girl child, conservation, literacy, gender equality etc during this seven-day camp. Apart from this, yoga and *nukkad natak* will also take place which would be enjoyed by all

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Samachar Jagat**
**21/12/2017**

# छात्राओं ने सीखे देशभक्ति, एकता, अखंडता जैसे जज्बात

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर का समापन



**जयपुर (कासं)।** राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई न केवल जीवन जीने के सही मार्ग की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है बल्कि देशभक्ति, एकता, अखंडता जैसे कई जरूरी जज्बात भी पैदा करती है। कुछ इसी मकसद से आईआईएस डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से एनएसएस स्वयंसेवियों के लिए आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैम्प का समापन बुधवार को हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में बातौर मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व डीआईजी आईपीएस अजीत सिंह उपस्थित थे। सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनने की सलाह दी एवं कहा कि अगर हमें देश को सुधारना है तो पहले स्वयं को सुधारना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आप एक अच्छे नागरिक हैं तो वो अच्छाई आपको आपके आस-पास भी नजर आएगी। एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. शरद राठौड़ के निर्देशन में चलाया गया यह स्पेशल कैम्प बच्चों के व्यक्तित्व विकास को समर्पित था। इस कैम्प में छात्राओं ने जहां स्वच्छता, बालिका शिक्षा जैसे सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक पेश किए। साथ ही छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। विश्वविद्यालय के एनएसएस विभाग द्वारा आधिकारिक तौर पर पांच सरकारी स्कूल अपनाए गए हैं एवं एक सरकारी स्कूल के बच्चे की जिम्मेदारी एक एनएसएस छात्रा को सौंपी गई है। इस सात दिवसीय कैम्प में एनएसएस स्वयंसेवी इन स्कूलों में जाकर स्वच्छता, बाल श्रम, साक्षरता, लैंगिक समानता आदि विषयों पर जागरूकता फैलाई।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Mahanagar Times**
**21/12/2017**

# सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित

**महानगर संवाददाता**



जयपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई न केवल जीवन जीने के सही मार्ग की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है बल्कि देशभक्ति, एकता, अखंडता जैसे कई जरूरी जज्बात भी पैदा करती है। कुछ इसी मकसद से दी आईआईएसयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एनएसएस स्वयंसेवियों के लिए आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैम्प का समापन बुधवार को हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे राजस्थान के पूर्व डीजीपी अजीत सिंह। एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. शंरद राठौड़ के निर्देशन में चलाया गया यह स्पेशल कैम्प बच्चों के व्यक्तित्व विकास को समर्पित था।

इन सात दिनों में छात्राओं के व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए कई गेस्ट लेक्चर एवं एक्टिविटीज आयोजित की गईं। इस कैम्प में छात्राओं ने जहां स्वच्छता, बालिका शिक्षा जैसे सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक पेश किए। साथ ही छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। विवि के एनएसएस विभाग द्वारा आधिकारिक तौर पर पांच सरकारी स्कूल अपनाए गए हैं एवं एक सरकारी स्कूल के बच्चे की जिम्मेदारी एक एनएसएस छात्रा को सौंपी गई है।


Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**21/12/2017**

# देश को सुधारना है तो पहले स्वयं को सुधारना होगा

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कैंप सम्पन्न

**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**



जयपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई न केवल जीवन जीने के सही मार्ग की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है बल्कि देशभक्ति, एकता, अखंडता जैसे कई जरूरी जज़्बात भी पैदा करती है। कुछ इसी मकसद से दी आईआईएस डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एनएसएस स्वयंसेवियों के लिए आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैंप का समापन बुधवार को हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व डीजी अजीत सिंह उपस्थित थे। सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनने की सलाह दी एवं कहा कि अगर हमें देश को सुधारना है तो पहले स्वयं को सुधारना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आप एक अच्छे नागरिक हैं तो वो अच्छाई आपको आपके आस-पास भी नजर आएगी। एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ.शरद राठौड़ के निर्देशन में चलाया गया। यह स्पेशल कैम्प बच्चों के व्यक्तित्व विकास को समर्पित रहा। इन सात दिनों में छात्राओं के व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए कई गेस्ट ने लेक्चर दिया। इस मौके पर बालिका शिक्षा जैसे सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक पेश किए गए।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**18/11/201718/11/2017**

# गुंजन सिंह ने किया राजस्थान का प्रतिनिधित्व

जयपुर ● द आईआईएस विश्वविद्यालय की छात्रा कैडेट गुंजन सिंह शेखावत ने हाल ही में आयोजित पैरा बेसिक कोर्स में हिस्सा लिया। इस कोर्स के लिए गुंजन राजस्थान से चुनी जाने वाली एकमात्र कैडेट थी। राजस्थान डायरेक्ट्रेट की ओर से आगरा में स्थित आर्मी एयरबोर्न ट्रेनिंग स्कूल की ओर से यह कोर्स आयोजित किया गया था, जिसमें गुंजन देश से आए बीस कैडेट्स में से एक थी। कोर्स पूरा करने पर गुंजन को सर्टिफिकेट के साथ बैज भी प्राप्त हुआ।



Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**11/11/2017**

# कैंसर से होने वाली मृत्यु को 40% रोका जा सकता है





**डेली न्यूज. mix रिपोर्टर, जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की ओर से आईआईएस विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एक इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। 'कैंसर का कारण अस्वस्थ जीवनशैली' विषय पर आयोजित इस सत्र मे मुख्य वक्ता भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के सीनियर कन्सल्टेंटडॉ. ललित मोहन शर्मा ने लोगों की बदलती जीवनशैली से होने वाली बीमारियों एवं उसके निवारण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि काफी हद तक कैंसर का इलाज किया जा सकता है और कैंसर से होने वाली मृत्यु को 40 प्रतिशत तक रोका जा सकता है। कैंसर के कई कारण हो सकते हैं जैसे कि मोटापा, स्मोकिंग, ड्रिंकिंग, अस्वस्थ जीवनशैली, प्रदूषण, फिजिकल एक्टिविटी का न होना आदि। महिलाओं में पाए जाने वाले कैंसर पर जानकारी देते हुए बताया कि ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल दो ऐसे कैंसर है जो आमतौर पर 30 से 70 वर्षीय महिलाओं में पाए जाते हैं। महिलाएं कैंसर या फिर इसके लक्षणों के बारे में डॉक्टर से सलाह लेने से कतराती हैं और वो डॉक्टर से तब सम्पर्क करती हैं जब बीमारी लाइलाज हो जाती है। इसके प्रति जागरूकता फैलाना जरूरी है एवं जल्द से जल्द कैंसर का पता लगने से कई जाने बचाई जा सकती हैं।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Samachar Jagat**
**03/11/2017**

# जीवन में कुछ मुश्किल कार्य करना चाहिए : स्वामी अभेदानंद



**जयपुर (कासं)।** चिन्मय मिशन आचार्य स्वामी अभेदानन्द जी नें आईआईएस यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल स्कूल ऑफ़ इन्फार्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट में गुरुवार को एमबीए तथा एमसीए के विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में मुश्किलें सदैव आती रहती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम जीवन में आने वाली हर परिस्थिति का कैसे सामना करते हैं। जीवन में क्या मिला से अधिक महत्वपूर्ण होता है कि जो मिला उसका सामना हमने कैसे किया। प्रसन्नता कभी डिग्री प्राप्त करने से अथवा पैसा कमा लेने मात्र से नहीं आती। हम अपनी भावनाओं तथा परिस्थितियों का सामना कैसे करते हैं वही हमारी प्रसन्नता के स्तर को निर्धारित करता है। किसी भी परिस्थिति - चाहे वह अनुकूल हो अथवा प्रतिकूल हो, बहुत अधिक प्रभावित नहीं होना चाहिए। अपने उत्साह, उमंग अथवा जोश को कभी खोना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता से अधिक बढ़ाई कभी नहीं करनी चाहिए। हम प्रायः किसी सफलता के पश्चात् ऐसा करने लग जाते हैं। क्रोध तो कभी करना ही नहीं चाहिए। क्रोधं तो कमज़ोर व्यक्ति की निशानी है। धैर्य भी कभी खोना नहीं चाहिए। धैर्यवान् ही अपने लक्ष्य तक पहुंच पाता है। लक्ष्य भी इतना छोटा नहीं होना चाहिए कि सुगमता से प्राप्त हो जाए। विषम परिस्थिति में भी साहस नहीं खोना चांहिए। बल्कि मुश्किल अथवा असुगम कार्य करना चाहिए। हमारे भीतर असंख्य संभावनाएं छिपी रहती हैं। इसलिए अपना कभी भी कम मूल्यांकन न करें। आवश्यकता स़े अधिक प्रसन्नता तथा निराशा दोनों ही ठीक नहीं हैं। जो जैसा है वैसा ही स्वीकार करके बिना स्वार्थ के उनकी प्रसन्नता के लिए कार्य करना ही असली प्रेम है। उन्होंने कहा कि जीवन में असली बल अच्छे चरित्र निर्माण एवं प्रभु में विश्वास करने से आता है इसलिए इन्हें कभी छोड़ना नहीं चाहिए। अंत में कॉलेज प्रशासन की ओर से स्वामी जी को मेमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पहले स्वामी जी ने 30 अक्टूबर को जगदगुरु रामानन्दाचार्य संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी प्रेरणा पूर्ण सम्बोधन दिया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Times of India**
**02/10/2017**

# City college girls leave Raghubir spellbound with their performance



HO'S THE
NG:
e girls
rforming
uring the
ay



ghubir Yadav



Dance performance during the play

...CONTD FROM PAGE 1

added, "The time when Par-
heatre became popular in In-
, there were hardly any films
de. *Baad mein, jab filmein*
*in, toh* theatre *se log filmon*
*n chale gaye. Filmon ne* Par-
heatre *ko bilkul khatam kar*
*a*. Today, when I saw the per-
mance of these girls, I was
azed. *Aaj aisa laga ki kahin*
Parsi theatre *filmon ko na*
*atam karde*. I hope they con-
ue to give such incredible per-
mances in the future as well."
The two-hour long play nar-
es the tragic story of Rustom
l his son Sohrab. Rustom, a
rrior from Iran comes to op-
nent territory Samangaan in
rch of his horse, Raksh. How-
r, Rustom falls in love with
nangaan's princess Tehmi-
The princess, smitten with
stom's warrior skills, too falls
love with him. As the play
ves forward, it is shown that
stom has to go back to Iran to
ve his country. For as many
16 years, Rustom and Tehmi-
spend a life without any con-
t. The only evidence of their
ationship is their love child
rab, of whose existence Rus-
n remains unaware till the
l. Rustom and Sohrab come



Dr Ashok Gupta, VC of the college

face-to-face for the first time in a battlefield. The warriors fight against each other and Rustom kills Sohrab. However, his gleaming pride turns dark as soon as he gets to know that Sohrab is his son. The beautifully created battlefield added to the performance of the students.

Also, present at the event was Dr Ashok Gupta, vice chancellor of the university.

— Neha.Choudhary
@timesgroup.com



Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

Dainik Navjyoti
**05/10/2017**

# सरकारी शिक्षकों को सम्मानित

नव एक्सप्रेस

रोटरी क्लब जयपुर मरूगंधा की ओर से मंगलवार को प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक सरकारी स्कूल के शिक्षकों को नेशन बिल्डर 2017 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रोटरी इंडिया लिट्रेसी मिशन के ताहत यह कार्यक्रम द आई आई एस विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स डॉ.अशोक गुप्ता एवं रमेश अग्रवाल ने की। इस क्लब ने अन्य शिक्षकों के अलावा रोटेरियन एवं द आई आई एस विश्वविद्यालय की रेक्टर एवं रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। हाल ही में डॉ.राखी गुप्ता का चयन रोटरी वर्ष 2018-19 के लिए बतौर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल के तौर पर हुआ है इसलिए इस कार्यक्रम में डॉ.राखी को इस खिताब से नवाज़ा गया। इस कार्यक्रम में सभी रोटेरियन्स एवं विश्वविद्यालय के रोटरैक्टर्स उपस्थित थे।



Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**30/08/2017**

# आईआईएस विवि. में स्पेशल बच्चों के साथ मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



आईआईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित पेरा स्पोर्ट्स मीट में मंगलवार को उमंग, दिशा, माइलस्टोन और स्वीकार और संस्थाओं के विशेष बच्चों ने विभिन्न खेल खेलें। फोटो-राष्ट्रदूत

जयपुर, (कासं)। राष्ट्रीय खेल दिवस पर दी आईआईएस विश्वविद्यालय के ईक्वल ऑपर्च्यूनिटी सेल, स्पोर्ट्स बोर्ड, रोटरी क्लब जयपुर गुरूकुल एवं नेशनल सर्विस स्कीम ईकाई की ओर से मंगलवार को स्पेशल चिल्ड्रन के लिए पेरा स्पोर्ट्स मीट आयोजित हुई। इसमें दिशा, माइलस्टोन, स्वीकार, और उमंग जैसे स्पेशल स्कूलों से लगभग 110 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय की रेक्टर एवं रजिस्ट्रार

**■ पेरा स्पोर्ट्स मीट में करीब 110 बच्चों ने लिया भाग**

डॉ. राखी गुप्ता ने हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की और बच्चों का स्वागत किया। प्रतियोगिता की शुरूआत एक्जिबीशन हॉकी मैच से हुई जहां इन स्पेशल बच्चों ने एक-दूसरे को कांटे की टक्कर दी। इसके बाद बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हूला-हूप थ्रो, बैलून फुलाना, नींबू-चम्मच दौड़, बुक बैलेंसिंग, पिरामिड रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के एनएसएस एवं स्पोर्ट्स वॉलंटियर्स ने बखूबी साथ दिया। इस दौरान इन बच्चों के चेहरे की खुशी साफ देखने को मिल रही थी। इस मौके बच्चों ने यह साबित कर दिया कि वो किसी भी सामान्य बच्चे की तरह ज़िन्दगी के सफर में कदम से कदम मिलाने के लिए तैयार हैं और इन्हें किसी दया की नहीं बल्कि प्यार और अपनेपन की ज़रूरत है। नेशनल सर्विस स्कीम की चीफ प्रोटोकॉल ऑफिसर डॉ. शरद राठौड़ ने इस दिन को यादगार बनाने के लिए सभी बच्चों को धन्यवाद दिया। कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने प्रतिभागियों को मेडल पहनाए तथा टीचर्स की मेहनत एवं लगन को देखते हुए उन्हें मोमेंटोज़ प्रदान किए।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Samachar Jagat**
**28/08/2017**


# ओरिएंटेशन प्रोग्राम में जाना रोटरी कल्चर को

**जयपुर(कासं)।** रोटरी इंटरनेशनल से जुड़े राजस्थान के सबसे बड़े क्लब जयपुर राउंड टाउन की ओर से टोंक रोड स्थित होटल में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। राउंड टाउन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 45 नए मेंबर्स को रोटरी परिवार में इंट्रोड्यूस किया गया और उन्हें शपथ दिलाई गई। पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीडीजी अजय काला ने उन्हें रोटरी की रीति-नीति के बारे में बताया। राउंड टाउन के सेक्रेटरी अभिषेक जयपुरिया ने क्लब के आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। 26 जनवरी, 1990 को स्थापित इस क्लब के पास्ट प्रेसिडेंटस का फेलिसिटेशन भी किया गया, जिनमें डॉ. अशोक गुप्ता, प्रभु मंडाना, अजय काला, इंद्र चंद कटारिया, राजीव सोगानी, कमल टोंगिया, डॉ. महेश पोद्दार, रमेश अग्रवाल, मनोज बंसल, प्रदीप कोठारी आलोक अग्रवाल, विनोद गुप्ता, राजीव नाहर, चंद्रेश नागर, राजू अग्रवाल, शशांक जैन, पराग रूंगटा, रोहित गोयल और दीपक शर्मा शामिल हैं।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**18/08/2017**

# निर्मला सेवानी ने दिए जीवन को संतुलित करने के टिप्स



**नव एक्सप्रेस**

रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की ओर से रोटरी क्लब के सदस्यों के लिए गुरूवार को द आई आई एस विश्वविद्यालय प्रांगण में वर्कलाईफबैलेंस एंड वुमन एम्पावरमेंट् पर एक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मेडिटेशन विशेषज्ञ निर्मला सेवानी मौजूद थीं। निर्मला जी ने कार्यक्रम की शुरूआत शिव स्तुति से की। महिलाएं किस प्रकार अपने जीवन में संतुलन ला सकती हैं इस विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रकृति का रास्ता बेहद सरल होता है परन्तु हम उसे जटिल बना देते हैं। इतना ही नहीं निर्मला ने मेडिटेशन के जरिए महिलाओं को मन एवं विचारों से सरल बनाने की कोशिश की।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Samachar Jagat**
**11/08/2017**

# नए भारत के निर्माण की दिलाई शपथ




नव एक्सप्रेस

भारत छोड़ो आंदोलन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को द आई आई एस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने छात्राओं, फैकल्टी एवं स्टाफ के सभी सदस्यों को नए भारत के निर्माण का संकल्प लेने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण करवाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 तक भारत को एक नए एवं बेहतर भारत में तब्दील करने का संकल्प लिया गया है जिसको जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने बताया कि संकल्प से सिद्धि नारे के साथ प्रधानमंत्री की ओर से भारत को गरीबी, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, जातिवाद, सम्प्रदायवाद जैसी कुरीतियों से मुक्त भारत का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है जिससे स्वतंत्रता सैनानियों को अपने देश पर गर्व हो सके। इसी के साथ ही डॉ गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस महीम में समस्त आईआईएस परिवार उनके साथ है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**22/072017**

# स्टार्टअप्स के लिए मददगार बौद्धिक सम्पदा अधिकार

**जयपुर** ● भारतीय महिला उद्यमी संघ और द आईआईएस यूनिवर्सिटी के आईपीआर मैनेजमेंट सेल की ओर से शनिवार को बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर सेमिनार हुआ। भारतीय महिला उद्यमी संघ की अध्यक्ष शशि यादव ने बताया कि किस तरह से आईपीआर उपकरण नवाचार एवं उद्यम को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकते हैं। एटॉर्नी एडवाइजर नैंसी ऑमेल्को ने अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार में वैश्विक परिदृश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस तरह से ताजमहल बनने के बाद बादशाह ने कारीगरों के हाथ काट दिए थे ताकि वो दूसरा ताजमहल न बना सकें, ठीक उसी तरह बौद्धिक सम्पदा अधिकार के तहत कोई भी अपने नायाब काम को पेटेंट




कराकर सुरक्षित कर सकता है। अमरीकी दूतावास की कोमल काल्हा ने स्टार्टअप्स से जुड़े बौद्धिक सम्पदा अधिकार के राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने कुछ भी नया या हटकर ईजाद किया है और उसे अभी तक पेटेंट नहीं करवाया है तो कम से कम इससे संबंधित कागजात जिसमें हस्ताक्षर एवं दिनांक हो, वो जरूर तैयार होने चाहिए

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**20/072017**

# ग्रीन गुरुकुल कार्यक्रम के तहत लगाए पौधे



**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर, जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल, रोटरैक्ट क्लब द आईआईएस यूनिवर्सिटी एवं एसएफएस रेजिडेंट्स डवलपमेंट सोसायटी, मानसरोवर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम ग्रीन गुरुकुल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्षद विष्णु लाटा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। एसएफएस रेजिडेंट्स डवलपमेंट सोसायटी के प्रेसिडेंट ललित चंदगोटिया, सेक्रेटरी विजय अरोड़ा, रोटरी क्लब के सरंक्षक डॉ. अशोक गुप्ता, रोटरी क्लब सलाहकार डॉ. राखी गुप्ता, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 जोन 21 की असिस्टेंट गवर्नर डॉ. ईला जोशी, क्लब ट्रेनर प्रो. केएस शर्मा, रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की अध्यक्ष डॉ. रूपा माथुर एवं सेक्रेटरी डॉ. मणि भाटिया सहित रोटरी क्लब के सदस्यों ने पौधे लगाए। यूनिवर्सिटी के रोटरैक्ट क्लब की सदस्य छात्राओं ने भी पौधरोपण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के तहत यूनिवर्सिटी परिसर के बाहर 20 पौधे लगाए गए।

## बच्चों ने किया पौधारोपण



एमआई रोड स्थित ऑल सेंट्स चर्च सीनियर सैकंडरी स्कूल में मंगलवार को बच्चों ने मानसून का स्वागत करते हुए पौधे लगाए। इसमें स्कूल फैकल्टी, स्टाफ, एलुमिनाई, पेरेंटस ने मिलकर पौधे लगाए। सभी पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**15/072017**

# 'मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी'

एफएस ■ मतदान न सिर्फ हमारा धिकार है, बल्कि राष्ट्रनिर्माण के लिए व्य भी है। कुछ ऐसी ही सोच के साथ ाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दान को लेकर मैसेज दिया। द ईआईएस यूनिवर्सिटी मे राजस्थान र्वाचन आयोग की ओर से सिस्टमैटिक र्सेस एजुकेशन एंड इलेक्टोरल टिसिपेशन प्रोग्राम का आयोजन किया ा। कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट्स को ावी प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया कि वो अपने वोट के महत्व को समझ कें और इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। र्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर जिला लक्टर सिद्धार्थ महाजन और मुख्य





चुनाव अधिकारी अश्विनी भगत, चुनाव विभाग की ब्रांड एम्बेसेडर अपूर्वी चंदेला, उपचुनाव अधिकारी सुनील भाटी और उपविभागीय अधिकारी सांगानेर जगत राजेश्वर भी मौजूद रहे। चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता अभियान की शुरुआत आईआईएसयू [illegible] सोसायटी के स्टूडेंट्स की पेशकश नुक्कड़ नाटक से हुई जिसमें बच्चों ने वोट डालने के महत्व और चुनावी प्रक्रिया को बेहद सरलता और सहजता से समझाया। नुक्कड़ नाटक को कलेक्टर सहित उपस्थित मौजूद अतिथियों ने काफी सराहा। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने वोट डालकर देश का जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश प्रेषित किया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**22/06/2017**

# द आईआईएस विश्वविद्यालय में योग शिविर



द आईआईएस विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एवं स्पोर्ट्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को योग का महत्व समझाने एवं इसकी बारीकियों को सिखाने के उद्देश्य से योग गुरु जानकी पारीक एवं राजस्थान क्षेत्रीय संगठन, क्रीड़ा भारती के संयोजक मेघ सिंह चौहान मौजूद थे। योग कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रार्थना से हुई। कार्यक्रम का अंत प्राणायाम से हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब जयपुर गुरूकुल एवं रोटरी क्लब जयपुर मरुगंधा के सदस्य भी मौजूद थे। इंटरनेशनल स्कूल ऑफइन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, टेक्निकल कैम्प में भी योग दिवस के अवसर पर स्टूडेंट्स के लिए एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. पी.एस. शेखावत बतौर विषेशज्ञ उपस्थित थे।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**08/06/2017**

# कैम्प में सीखी क्रिएटिविटी को मंच पर किया प्रजेंट



**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर, जयपुर।** दी आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित समर कैम्प का बुधवार को समापन हुआ। कैम्प में बच्चों के लिए डांस से लेकर थिएटर, स्पोर्ट्स, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे कोर्सेस अवेलेबल थे। 15 मई से शुरू हुए कैम्प के अंतिम दिन स्टूडेंट्स ने एरोबिक्स, सेल्फ डिफेंस, स्केटिंग, बास्केटबॉल, थिएटर आदि में सीखी विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया। समापन समारोह वाले दिन बच्चों ने मंच पर डांस, थिएटर, डिफरेंट स्पोर्ट्स आदि की परफॉर्मेंस दी। इस बार बच्चों में थिएटर एवं ड्रामा के प्रति खास रूचि देखने को मिली। मशहूर थिएटर आर्टिस्ट लोहित व्यास ने बच्चों को थिएटर की बारीकियां सिखाई जिनका प्रदर्शन बच्चों ने स्टेज पर बखूबी किया। अंतिम दिन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने बच्चों को सर्टिफिकेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**09/05/2017**

# रक्तदान को दिया जाना चाहिए बढ़ावा : सुमन शर्मा

**जयपुर** • जेके लोन अस्पताल में राजस्थान से आए थैलेसीमिक बच्चों के साथ थैलेसीमिया दिवस मनाया गया। वंशिका आर्ट्स एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से इन बच्चों के साथ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सुमन शर्मा ने केक काटा। राजस्थान में हजारों और विश्व में लाखों बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हैं। इसके अलावा अकेले जयपुर में करीब 450 बच्चे इस गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। सुमन ने बताया कि दुख की बात यह है कि अब भी जनता इस बीमारी के प्रति जागरूक नहीं है। इस दौरान 25 थैलेसीमिक बच्चों को चॉकलेट व स्टेशनरी का सामान देकर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। सुमन ने बताया कि हर 15 से 20 दिन में पीड़ित बच्चों को रक्त की जरूरत पड़ती है। इसके लिए हमें जागरूक होकर रक्तदान को बढ़ावा देना चाहिए। संस्था सचिव ... मक्कड़ ने कहा कि कार्यक्रम का उद्... बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना था।

## आनुवांशिक बीमारी है थैलेसीमिया : डॉ. प्रिया



**रोटरी** क्लब जयपुर मरूगंधा एवं रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की ओर से द आइ आइ एस विश्वविद्यालय में थैलेसीमिया एवं ब्लड डोनेशन की महत्ता विषय पर गेस्ट लेक्चर हुआ। इसमें प्रेम निकेतन हॉस्पिटल एवं साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट फॉर थैलेसीमिया कम बोन मैरो ट्रांसप्लांट की क्लिनिकल प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. प्रिया मारवाह ने बताया कि भारत में हर साल तकरीबन दस हजार बच्चे इस बीमारी के साथ जन्म लेते हैं। यह बीमारी कुछ खाने या छूने से नहीं फैलती है, बल्कि आनुवांशिक है। डॉ. मारवाह ने आगे बताया कि इस बीमारी की रोकथाम तो की जा सकती है, लेकिन इसको जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**24/07/2017**

# रेडियो शो के जरिए युवाओं की सोच होगी विकसित



**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**

**जयपुर।** आईआईएस ग्रुप के कम्युनिटी रेडियो 90.4 रेडियो 7 द्वारा ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के सहयोग से एक नया शो 'फुल ऑन निक्की' शुरू किया गया है। शो में नौजवानों के सपनों की नई उड़ान को पेश किया गया है। 78 एपिसोड वाला यह शो 19 जून से हर सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार सुबह 11 बजे से प्रसारित किया जा रहा है। शो का मकसद 10 से 19 वर्षीय नौजवानों में जेंडर के प्रति समझ विकसित करना है। भारत के कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन और यूनिसेफ के बीच हुए एक समझौते के तहत इस शो का प्रसारण किया जाएगा। भारत में काम कर रहे 193 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों में से 25 रेडियो स्टेशन को इस शो के प्रसारण के लिए चुना गया है जिनमें से एक आईआईएस ग्रुप का कम्युनिटी रेडियो 7 है।


Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**

**10/04/2017**

## थिएट्रिकल सोसायटी की ओर से आयोजित वर्कशॉप

# थिएटर अपने आप में शिक्षा, इसके लिए नॉलेज जरूरी





**मानसरोवर पत्रिका**
www.patrika.com


**थड़ी मार्केट** ▪ थिएटर अपने आप में शिक्षा है। थिएटर करने के लिए ज्ञान होना आवश्यक है। एक व्यक्ति में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो थिएटर करते हुए व्यर्थ चला जाए।

यह कहना था थिएटर आर्टिस्ट और बॉलीवुड एक्ट्रेस मीता वशिष्ट का। मौका था मानसरोवर स्थित थिएट्रिकल सोसायटी की ओर से 'रोल ऑफ थिएटर इन एजुकेशन पास्ट, प्रजेंट एंड रोड अहेड' विषय पर आईआईआईएम ऑडिटोरियम में दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस समापन का। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर मशहूर थिएटर डायरेक्टर रॉबिन दास ने शिरकत की। कार्यक्रम का पहला सत्र पैनल डिस्कशन पर आधारित था, जिसकी अध्यक्षता नई दिल्ली स्थित अटिलियर थिएटर ग्रुप के फाउंडर और क्रिएटिव डायरेक्टर कुलजीत सिंह ने की।

दूसरे और अंतिम दिन का पहला तकनीकी सत्र थिएटर एज ए कैटेलिस्ट इन पब्लिक मूवमेंट्स विषय पर आधारित था जिसका संचालन आरयू के ड्रामा विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने किया। अस्मिता ग्रुप के फाउंडर अरविंद गौड ने अपनी जिंदगी के अनुभव साझा किए।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Punjab Kesari**
**05/04/2017**

# थिएटर के जरिए निठारी गांव के लोगों की बदली जिन्दगी : संजय कुमार

## रोल ऑफ थिएटर इन एजुकेशन सेमिनार सम्पन्न

जयपुर, (कासं): मानसरोवर स्थित द आईआईएस यूनिवर्सिटी की थिएट्रिकल सोसायटी की ओर से रोल ऑफ थिएटर इन एजुकेशन: पास्ट, प्रेजेंट एंड रोड अहेड विषय पर आईआईआईएम ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन पीपल्स थिएटर एजुकेशन के नेशनल हैड रणबीर सिंह थे। सेमिनार के अंतिम दिन थिएटर एज ए कैटेलिस्ट इन पब्लिक मूवमेंट्स विषय पर आधारित था। इस मौके पर हंसराज कॉलेज, नई दिल्ली के संजय कुमार ने कहा कि निठारी कांड के पश्चात् वहां के लोगों में बहुत दहशत फैली हुई थी।

इस दौरान जहां बच्चों को समय न दे पाने के कारण पेरेंट्स को दोषी ठहराया जा रहा था। तो वहीं अनजान लोगों पर विश्वास करने को लेकर बच्चों को गलत साबित किया जा रहा था। ऐसे में बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा था।

लेकिन ऐसे वक्त में स्वयं संजय ने थिएटर के माध्यम से इस नकारात्मक असर को खत्म करने व बच्चों में आत्मविश्वास जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य वक्ता इंडियन पीपल्स थिएटर एजुकेशन के नेशनल हैड रणबीर सिंह ने थिएटर से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरु से लेकर अभी तक थिएटर में किस प्रकार के बदलाव आए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुराने ज़माने के मुकाबले इस जमाने में थिएटर का प्रभाव कम हुआ है। इस कॉन्फ्रेंस में 39 शोध पत्र पढ़े गए।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Voice of Jaipur**
**11-17/03/2017**

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं ने स्वयं को सुरक्षित रखने का लिया प्रण




**08 मार्च 2017: जयपुरः** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं ने राज महिला सुरक्षा एप का इस्तेमाल कर स्वयं को सुरक्षित रखने का प्रण लिया। द आई आई एस विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई तथा क्षिप्रा पथ पुलिस थाना के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में राज महिला सुरक्षा एप के बारे में छात्राओं को जागरूक करने के मकसद से एक गेस्ट लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा लॉन्च किए गए इस एप के बारे में जानकारी देने के लिए क्षिप्रा पथ थाने से चार सदस्यीय टीम विश्वविद्यालय पहुंची जिनमें शामिल थे उप-निरिक्षक हेतराम एवं कान्स्टेबल मंजू, सुभाष एवं किशन सिंह।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
04/03017

आईआईएस यूनिवर्सिटी की गर्ल्स ने निकाली रैली, किया लोगों को जागरूक

# आमजन ने स्वच्छता की ली शपथ




**मानसरोवर पत्रिका**
www.patrika.com

**एसएफएस** ▪ सफाई के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एसएफएस स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी की गर्ल्स ने सांगानेर स्थित दादाबाड़ी में पोस्टरों के साथ स्वच्छता रैली निकाली। इस मौके पर बस्ती के लोगों ने सार्वजनिक निकास और स्वच्छता के प्रबंध के लिए हस्ताक्षर भी किए। गर्ल्स ने बस्ती में लोगों से अपने आस-पास सफाई कैसी रखी जाएं इस बारे में बताया ताकि गंदगी न फैल सकें। साथ ही बीमारियों से भी दूर रहा जा सकें।

लोगों ने बस्ती की कई समस्याएं भी गर्ल्स के समक्ष रखी। इस मौके पर लोगों ने शपथ ली कि वह अपने आस-पास का कचरे को इधर-उधर फेंकने की बजाय एक जगह इकट्ठा करेंगे ताकि साफ सफाई दिख सकें और लोगों को भी वह इस बारे में बताएंगे। पानी की निकास, सीवरेज चेंबर न होने के कारण बस्ती में लोगों को हो रहीं परेशानियों के बारे में गर्ल्स ने लोगों को कई सुझाव दिए, जिनसे कि उन्हें कोई समस्या न हो।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**DNA**
**20/11/2017**



Rotary Club of Jaipur Gurukul distributed uniform sets to all the students of Haziawala Govt Primary School, Sanganer. This school has been adopted by the club. The event was also attended by advisor and district secretary general (18-19) Rtn Dr Raakhi Gupta, district assistant governor Rtn Dr Ila Joshi, Club Trainer Rtn Dr KS Sharma.

— AHC

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**22/02/2017**

# नुक्कड़ नाटक से समझाया मातृभाषा का महत्त्व



जयपुर। द आईआईएस विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा छात्राओं के लिए स्वरचित कविताएं, लेख, स्लोगन लेख एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की नाटक मंडली ने मातृभाषा की महत्ता समझाते हुए एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**15/02/2017**

# जन सहयोग से लगवाए कैमरे

नवज्योति, जयपुर

शिप्रापथ की एसएफएस कॉलोनी में हुई हत्या की घटना के बाद आईसीजी कॉलेज एवं सीएलजी सदस्यों के सहयोग से एसएफएस कॉलोनी में 4 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। जिनका कवरेज थाने में देखा जाएगा। रेज सीधे ही थाने पर देखा जा रहा है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) मनीष अग्रवाल ने बताया कि इसके अलावा थाना क्षेत्र में सभी भीड़भाड़ वाले एवं संदिग्ध स्थानों पर जनता एवं सीएलजी सदस्यों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं जिससे थाना क्षेत्र में होने वाली वारदातों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**11/02/2017**

# रोटेरियन को दिलाई शपथ






**मानसरोवर पत्रिका**

www.patrika.com

**शिप्रा पथ** ● रोटरी क्लब जयपुर मरूगंधा की ओर से रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल का चार्टर प्रस्तुतीकरण समारोह आयोजित किया गया। मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में हुए इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल के पैटर्न पीडीजी डॉ. अशोक गुप्ता ने नवस्थापित क्लब के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल के 340 सदस्यों के साथ देश का सबसे बड़ा क्लब बन गया है। रोटेरियन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रमेश चौधरी ने क्लब के बोर्ड ऑफ मेंबर्स के समक्ष चार्टर प्रस्तुत किया। रोटेरियन पीडीजी रत्नेश कश्यप ने सभी सदस्यों को शपथ दिलवाई। गुरुकुल प्रेसिडेंट रोटेरियन प्रो.के.एस. भार्मा ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल की ओर से उठाए गए अभियान पल्स पोलियो की सफलता के बाद शिक्षा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण साक्षरता अभियान शुरू किया गया है। रोटेरियन प्रो. कवलदीप दीक्षित, रोटेरियन प्रो. दीपा पारीक, रोटेरियन डॉ. शिल्पी रिझवानी रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल के वाइस प्रेसिडेंट्स, प्रो.निशा यादव रोटरी क्लब जयपुर की सेक्रेटरी, रोटेरियन मोनिका मुंजाल और रोटेरियन स्मिता पुरोहित ज्वॉइंट सेक्रेटरी है। वहीं रोटेरियन डॉ.राखी गुप्ता क्लब जयपुर गुरुकुल की एडवाइजर है। 2017-18 में रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की प्रेसिडेंट रोटेरियन डॉ.रूपा माथुर होगी।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**26/01/2017**

गणतंत्र दिवस के मौके पर बदलाव लाने की जिद करने वाले लोगों की दास्तां

# तंत्र में बदलाव लाने की जिद पर उतरे ये जन-गण

**Republic Day** SPECIAL

सिटी रिपोर्टर • आज गणतंत्र दिवस है। इस बार यह दिवस इसलिए भी खास है क्योंकि हाल ही जयपुर लिट फेस्ट में ब्रिटिश लाइब्रेरी की ओर से पहली बार 1215 में स्वीकार हुए मैग्ना कार्टा को डिसप्ले किया गया था, जो इंग्लैंड के किंग जॉन और बेरॉन के बीच साइन हुआ था।

काबिलेगौर है कि भारतीय संविधान के आर्टिकल 21 का मूल स्रोत माना जाता है जिसके मुताबिक किसी भी नागरिक को उसकी व्यक्तिगत आजादी से वंचित नहीं किया जा सकता। हमारा संविधान गणतंत्र है यानी लोगों का तंत्र, लेकिन सिस्टम यानी तंत्र में बदलाव लाना तभी मुमकिन है जब हर सिटिजन इस बदलाव की जिद पर उतर जाए।

## स्पेशली एबल्ड के लिए शहर के कॉलेज ने बदल लिया अपना सिस्टम

जीवन में आने वाली हर चुनौती से लड़ते हुए अपने सपने को पूरा करने के लिए मुस्कान और विद्या ने हायर स्टडीज के लिए अपने कदम आगे बढ़ाए हैं। 12वीं क्लास में अच्छा स्कोर करने के बाद इन दोनों स्पेशल गर्ल्स ने आईआईसी कॉलेज में एडमिशन लिया है। कॉलेज ने इनके हौसले को देखते हुए पहली बार स्पेशली एबल्ड के लिए जगह बनाई।



इतना ही नहीं 24 वर्षीय विद्या धनकड़ और 19 वर्षीय मुस्कान जैन के लिए विमन स्टडी पर नया सिलेबस तैयार किया गया। दोनों पहले से ही विमन राइट्स के लिए काम कर चुकी हैं। इंग्लिश लिटरेचर सभी स्टूडेंट्स के साथ पढ़ रही हैं, पर विमन स्टडीज के लिए सिर्फ इन दोनों के लिए स्पेशल क्लास ली जा रही है। कॉलेज में उनकी सुविधा के लिए ग्राउंड फ्लोर पर क्लास ली जा रही हैं। टीचर्स उन्हें नोट्स बनाकर देती हैं ताकि यह दोनों अपने हायर स्टडी के सपने को पूरा कर सकें।

## नॉर्मल स्कूल में पढ़ सकते हैं डिफरेंटली एबल्ड

स्टूडेंट चाहे अलग एबिलिटी का हो या जेंडर का, उसे सोसाइटी से अलग कर के नहीं बल्कि अपनी जिंदगी में शामिल कर के बदलाव लाया जा सकता है। [illegible]

## ट्रांसजेंडर्स के लिए हायर एजुकेशन और स्कॉलरशिप की मुहिम

ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट पुष्पा गिडवानी ट्रांसजेंडर वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की चेयरपर्सन हैं। उनके प्रति समाज में संवेदनशील नजरिया व रवैया विकसित करने के लिए काम कर रही हैं। 26 अगस्त 2016 को ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाई। इस बिल को पास करने की अर्जी [illegible] [illegible]



Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**26/01/2017**

# पुलिस वीमन एंड पुलिस मेन एज एजेंट्स ऑफ चेंज पर संगोष्ठी का आयोजन

नव एक्सप्रेस

मानसरोवर स्थित द आईआईएस विश्वविद्यालय में बुधवार को पुलिस वीमन एंड पुलिस मैन एज ऐजेंट्स ऑफ चेंज विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यवक्ता आईपीएस ऑफिसर तेजस्विनी गौत्तम ने राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवकों से बातचीत करते हुए कहा कि अपने बचपन के दिनों से ही पुलिसवालों के मानवीय पक्ष को समझा और दूसरों को भी समझाने की कोशिश की। सभी पुलिसवाले एक जैसे नहीं होते और उन्हें बेफिक्र होकर मुसीबत के समय में महिला या पुरुष पुलिस से सम्पर्क करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण से जुड़े पुलिस विभाग द्वारा उठाए जा रहे कदम, हेल्प लाईन नम्बर्स आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। अंत में गौतम में अपने टीम के सदस्यों के साथ मिलकर यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूक करने के मकसद से स्टूडेंटस के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**25/01/2017**

# अवेयरनेस प्रोग्राम में दूर किए पासपोर्ट से जुड़े कंफ्यूजन

**सिटी रिपोर्टर** • पासपोर्ट एक जरूरी दस्तावेज है और हर स्टूडेंट के पास इसका होना जरूरी है ताकि उसे पढ़ाई के सिलसिले में देश से बाहर जाने में कोई तकलीफ न हो यह कहना था विवेक जेफ, रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर का। वे मंगलवार को स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम के तहत पासपोर्ट के महत्व और पासपोर्ट सेवा प्रोजेक्ट के प्रति अवेयर किया। कार्यक्रम का आयोजन द आईआईएस यूनिवर्सिटी में उपस्थित थे। पासपोर्ट को लेकर स्टूडेंट्स ने अपने कंफ्यूजन को दूर किया। उन्होंने बताया कि पासपोर्ट की छवि आरटीओ की तरह है जहां यह समझा जाता है कि बिना एजेंट के काम नहीं हो सकता। परंतु इसी धूमिल छवि को सुधारने के लिए पासपोर्ट सेवा प्रोजेक्ट शुरू किया गया है जिसके तहत पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया गया है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**11/01/2017**

# विमन एम्पावरमेंट थीम पर होगी एयु जयपुर मैराथन





**सिटी रिपोर्टर** • इस साल 5 फरवरी को होने वाली एयु जयपुर मैराथन पावर्ड बाय दैनिक भास्कर की थीम स्मार्ट क्लीन एंड ग्रीन सिटी के साथ विमन एम्पावरमेंट रहेगी। मैराथन एक्टिविटीज की सीरीज में मानसरोवर स्थित आईसीजी कॉलेज में आयोजित रूबरू कार्यक्रम में एयु जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईसीजी की गर्ल्स ड्रीम रन में हिस्सा लेंगी। इसके लिए उनका कॉलेज में विशेष रजिस्ट्रेशन काउंटर लगाया जाएगा। रूबरू कार्यक्रम में जयपुर राजपरिवार के सवाई पद्मनाभ सिंह भी स्टूडेंट्स के बीच पहुंचे। उनके साथ आईआईएस ग्रुप्स के चेयरमैन डॉ. अशोक गुप्ता भी उपस्थित रहे। संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क की ओर से एयु जयपुर मैराथन इस बार 42 किमी की होगी। वहीं मैराथन में पिछले वर्षों की अपेक्षा गर्ल्स की संख्या दुगुनी रहेगी।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Nanjyoti**
**10/01/2017**

# पद्मनाथ ने छात्राओं को फिट रहने का दिया संदेश




**नव एक्सप्रेस**

बदलते लाइफ स्टाइल और असंतुलित आहार ने लोगों के स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचाया है। स्वस्थ समाज की नींव रखने के लिए व्यक्ति का स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। तंदुरूस्त एवं सेहतमंद रहने की आवश्यकता पर जोर डालते हुए पद्मनाभ ने यह बात कही, जो सोमवार को द आई.आई.एस. यूनिवर्सिटी में एयू जयपुर मैराथॉन 2017- रन विथ पद्मनाभ को प्रमोट करने पहुंचे थे। पद्मनाभ ने फिट रहने को आज के समय की जरूरत बताते हुए कहा कि फिटनेस एक ऐसी चीज है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति अपनी जीवन शैली और खान-पान में थोड़ा सा बदलाव कर अपना सकता है। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय की स्टूडेंट्स को इस मैराथॉन से जुड़ने और फिट रहने का संकल्प लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020


**Rajasthan Patrika**
**07/01/2017**

# कॅरियर को गंभीरता से लें गर्ल्स

**मानसरोवर पत्रिका**
www.patrika.com

**शिप्रा पथ** • राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई न केवल जीवन जीने के सही मार्ग की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती हैं, बल्कि देशभक्ति, एकता, अखंडता जैसे कई जरूरी जज्बात भी पैदा करती है। कुछ इसी मकसद से द आईआईएस यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से एनएसएस स्वयंसेवियों के लिए सात दिवसीय स्पेशल कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प का उद्घाटन राजस्थान काउंसिल ऑफ सैकंडरी एजुकेशन के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर अशफाक हुसैन ने किया।

मुख्य अतिथि हुसैन ने कहा कि गर्ल्स को अपने पैरों पर खड़ा होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने गर्ल्स को अपने कॅरियर को गंभीरता से लेने की सलाह दी। डॉ. शरद राठौड़ के निर्देशन में चलाए जा रहे कैम्प में गर्ल्स के व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए कई गेस्ट लेक्चर आयोजित की गई। इस




अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित हुए चिन्मय मिशन से डॉ. मनोज खुराना ने गर्ल्स को एक अच्छा इंसान बनने एवं देश को एक बेहतर दिशा की ओर ले जाने के लिए प्रेरित किया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**04/01/2017**

# एनएसएस का 7 दिवसीय कैंप शुरू

**सिटी रिपोर्टर** • राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई न केवल जीवन जीने के सही मार्ग की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है बल्कि देशभक्ति, एकता, अखंडता जैसे कई जरूरी जज्बात भी पैदा करती है। कुछ इसी मकसद से दी आईआईएस यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए मंगलवार से सात दिवसीय स्पेशल कैंप की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि आईएएस अशफाक हुसैन, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, राजस्थान काउंसिल ऑफ सैकंडरी एजुकेशन ने कहा कि आज के समय में गर्ल्स का अपने पैरों पर खड़ा होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने स्टूडेंट्स को अपने करिअर को गंभीरता से लेने की सलाह दी। डॉ. शरद राठौड़ के निर्देशन में चलाया जा रहा यह स्पेशल कैम्प स्टूडेंट्स के व्यक्तित्व विकास को समर्पित है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**03/12/2016**

# प्री-मैरिटल काउंसलिंग है जरूरी : लक्ष्मी अशोक



**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**

**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुक्रवार को गेस्ट लेक्चर आयोजित हुआ। इस मौके पर शिल्पायन संस्थान की निदेशक लक्ष्मी अशोक ने स्टूडेंट्स के साथ घरेलू हिंसा के बारे में विस्तार से चर्चा की। लक्ष्मी अशोक ने महिलाओं पर हो रहे शारीरिक, मानसिक, यौन संबंधी, भावनात्मक, आर्थिक, दहेज जैसे अत्याचारों के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया। लक्ष्मी ने बताया कि कई वर्षों पहले तक कानून में महिलाओं से जुड़ा सिर्फ एक ही एक्ट था और वो था दहेज और शादी के बाद महिलाओं पर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को दहेज के अंतर्गत ही लाया जाता था। बाद में सामान की कस्टडी, मुआवजा, मेंटेनेंस आदि एक्ट बनाए गए।

लक्ष्मी अशोक ने बताया कि शादी के बाद महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का सबसे बड़ा कारण महिलाओं को प्री-मैरिटल काउंसलिंग न मिल पाना। विदेश में तो इसका चलन है, परंतु हमारे देश में यह कॉन्सेप्ट अभी भी नया है। इस मौके पर छात्राओं से घरेलू हिंसा से जुड़े कई किस्से साझा कर यह समझाने की कोशिश की गई कि महिलाओं को भी अपने हक के लिए लड़ना होगा, क्योंकि जब तक वो अपने उपर हो रहे अत्याचारों को सहन करना नहीं छोड़ेगी, तब तक कोई भी चाह कर भी कुछ नहीं कर सकता है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rashtradoot**
**09/10/2016**

# प्रदूषण के सर्वाधिक सम्पर्क में आती हैं मध्यम वर्ग की महिलाएं : डॉ.जोशी




आई आई एस विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ उर्मिला भृगु ने टेक्स्टाइल वेस्ट वॉटर से संबंधित समस्याओं और चुनौतियों पर चर्चा की।

जयपुर, (का.सं.)। इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च द्वारा प्रायोजित एवं दी आईआईएस विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं इंडियन एसोसिएशन फॉर एयर पॉल्यूशन कंट्रोल के संयुक्त तत्वावधान में 'पर्यावरण प्रदूषण : परिणाम एवं रोकथाम' विषय पर आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का शनिवार को समापन हुआ।

सेंटर फॉर ऑक्यूपेशनल एंड एनवायरमेंटल हेल्थ के डायरेक्टर डॉ टी के जोशी ने बताया कि उच्च, मध्यम व निम्न वर्ग की महिलाओं में से मध्यम श्रेणी की महिलाएं सर्वाधिक प्रदूषण के सम्पर्क में आती हैं क्योंकि उनका अधिकांश समय रसोई में गुज़रता है और वो लगातार एलपीजी के सम्पर्क में रहती हैं। उन्होंने बताया कि ई-वेस्ट पर्यावरण के लिए सबसे ज़्यादा हानिकारक होता है।

## ■ राजस्थान में प्रदूषण का कारण कॉटन टेक्स्टाइल इंडस्ट्री : डॉ.उर्मिला भृगु

मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली एवं एमएनआईटी से डॉ उर्मिला भृगु ने टेक्स्टाईल वेस्ट वॉटर से संबंधित समस्याओं, चुनौतियों आदि पर चर्चा करते हुए बताया कि राजस्थान में प्रदूशण संबंधित समस्याएं कॉटन टेक्स्टाईल इंडस्ट्री की वजह से उत्पन्न होती हैं।

डॉ उर्मिला भृगु ने टेस्टाईल इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाली डाई को प्रदूशण का एक अहम कारक माना। इन्होंने बताया कि अपषिश्ट पानी का पुनः इस्तेमाल कर, जल स्त्रोत में छोड़कर एवं मिट्टी में मिलकार इन तीन तरीके से निपटारा किया जाता है जिसमें पहले को छोड़कर बाकी दोनों तरीके पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित होते हैं।

साथ ही डॉ भृगु ने यह भी बताया कि सब्जियों से बनाई गई डाई ऑर्गेनिक होती है जिससे पर्यावरण में कम से कम प्रदूषण फैलता है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**08/10/2016**

# 'पान खाएंगे' में दिखी जिंदगी की हकीकत

...PLAY

थिएट्रिकल सोसायटी की ओर से शिप्रा पथ स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में हास्य नाटक 'पान खाएंगे' का मंचन किया गया। कार्यक्रम में सुधांशु पांडे मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कार्यक्रम में 'तुम जो मिल गए हो तो ये लगता है कि जहां मिल गया' सॉन्ग गाया।



मानसरोवर पत्रिका
www.patrika.com

**मानसरोवर** ▪ नाटक फ्रेंच प्लेराइट मोलियर के मशहूर प्ले द मीजर पर आधारित था। नाटक में इंसान के अंदर छिपी हकीकत आज की जिंदगी की सच्चाई को बयां करती है। यह कहानी एक ऐसे पिता की है, जो अपने पैसे के प्यार में इतना अंधा हो जाता है कि अपने बच्चों की खुशी तक को नजरअंदाज कर देता है। साठ साल के सेल्फ ओबसेस्ड मिर्जा इस नाटक का नायक भी है और खलनायक भी। अपनी खुशी और पैसों से संतुष्टि पाने वाला इंसान क्या रिश्तों की अहमियत समझ पाएगा? कुछ इन्हीं सवालों के जवाब इस नाटक के जरिए दिए गए।

## इंसान को दिखाया आईना

नाटक ने हास्य का सहारा लेते हुए इंसान को आईना दिखाने का काम किया है। यूनिवर्सिटी की 57 गर्ल्स ने इस नाटक में हिस्सा लिया। सह कलाकार के रूप में नौकर नम्बू, मैट्रिमोनी आंटी रविना और नासिर का किरदार निभा रही अनुभा खंडेलवाल ने अपनी अदाकारी से नाटक में एक अद्भुत छाप छोड़ी। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा ग्रेजुएट्स तथा मुम्बई के फाइव सेंसेस थिएटर ग्रुप के डायरेक्टर हार्दिक शाह, स्वीटी रुहेल, गुरिंदर सेठी आदि के निर्देशन में इस नाटक को तैयार किया गया है। नाटक का मंचन करने में कार्यक्रम कॉर्डिनेटर अदिति आर खंडेलवाल एवं सह-समन्वयक प्रियंका शर्मा ने भूमिका अदा की है।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Hindusthan Times**
**08/10/2016**

# IIS University's theatrical society performs play



IIS University's theatrical society performed a play Paan Khayenge at the university auditorium in Jaipur on Wednesday. The play has been adapted from 'Moliere's - The Miser'.

Model, actor and singer Sudhanshu Pandey was the chief guest on the occasion. "It is good to see that in just 35 days of the theatre workshop, the students performed so well. it's good to know that students planned sound and light and designed costumes themselves. It was fun to watch the play. I loved the character Mirza."

Aditi R Khandelwal, co-ordinator of theatrical society said, "The plot of the play basically consists of a classic conflict between love and money, and through comedy the team has not only succeeded in entertaining the audience but also showed some self reflection in their acting." Vice chancellor Dr Ashok Gupta congratulated the team and praised the director of the play Hardik Shah and trainers Sweety Ruhel and Gureinder Sethi for their efforts. **NAMAN GUP**

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**08/10/2016**

# हीमोग्लोबिन की मात्रा हो सही

**एसएफएस** ■ द आईआईएस यूनिवर्सिटी और इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (आईआईआईएम) की ओर से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन दिवस और गांधी जयंती के उपलक्ष्य में शांति और सौहार्दता का संदेश देने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और सेवायतन स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में 17वें ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप की शुरुआत सेवायतन संस्थान की मेडिकल ऑफिसर डॉ. उर्मिल धुरिया के स्वागत भाषण से हुई जिसमें उन्होंने स्टूडेंट्स को सम्बोधित करते हुए रक्तदान का महत्व समझाया। साथ ही रक्तदान करने के लिए हीमोग्लोबिन की मात्रा सही होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। यूनिवर्सिटी की गर्ल्स ने कैंप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में 66 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। आईआईआईएम में आयोजित रक्तदान शिविर में फैकल्टी और स्टूडेंट्स ने रक्तदान के प्रति उत्साह दिखाया। इस शिविर में 75 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।



Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**04/10/2016**

campus**spectrum**

# IIS University organizes Blood Donation Camp



**PATRIKA SPECTRUM**

Jaipur • The two units of IIS network - The IIS university and the International School of Informatics and Management Institute, organized a blood donation camp on Monday. The National Service Scheme unit of the Mansarovar situated university and Vaytan Swasthya Kalyan Blood Bank jointly launched this event. The medical officer of the Vaytan Institution, Dr. Urmila Dhuriya started the event with a welcome speech.

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**DNA**
**02/10/2016**

# TREE PLANTATION AT JHALANA BY TEAM RAKSHA AND IIS UNIVERSITY



Team Raksha in association with IIS University and Department of forest planted 250 trees in Jhalana forest area and the forest park. The event started with a small session on the flora and fauna of Jhalana forest area. Students were educated upon the tree species to be planted. A very rare tree specie known as Khait (Limonia Acidissima) were planted. Over 250 tree species namely Khait, Ber, Arjun, Peepal, Karanj were planted by IIS University students under the guidance of Jhalana forester Radheyshyam Sharma and Forest Guards. The soil was dug 30 days in advance for the plantation event.

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**24/09/2016**

# पौधारोपण कर ध्यान रखने का लिया संकल्प



**मानसरोवर पत्रिका**

www.patrika.com

**एसएफएस** . आईसीजी इंस्टीट्यूट ऑफ एज्यूकेशनल रिसर्च एंड डवलपमेंट की ओर से एमएड में अध्ययनरत छात्राओं ने परिसर में पौधारोपण किया। शिक्षिकाओं ने इस मौके पर कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण संतुलन होता है, इसलिए अधिकाधिक पौधारोपण जरूरी है। इस मौके पर परिसर में एमएड की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। छात्राओं ने अपने आस-पास हरियाली को ज्यादा से ज्यादा विकसित करने और पौधों का ध्यान रखने का संकल्प लिया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Jaipur Mahanagar Times**
**06/09/2016**

कला-सृजन

## संस्कृति विभाग ने चार दिवसीय द मेटल स्क्रेप कैंप किया शुरू

# पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कल्पचर कैंप

**महानगर संवाददाता** ·

जयपुर। प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप, द आईआईएस यूनिवर्सिटी तथा कला एवं संस्कृति विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को चार दिवसीय द मेटल स्क्रेप स्कल्पचर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर राजेन्द्र मिश्रा मौजूद थे

इनके साथ ही अनेक वरिष्ठ कलाकार उपस्थित हुए जिनमें नाथूलाल वर्मा, लालचंद मारोठिया, रणजीत सिंह चूड़ावाला, समंदर सिंह खंगारोत, श्वेत गोयल, महेश सिंह इत्यादि उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता के उद्बोधन से हुई। डॉ. गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए कैंप का आरंभ करने की घोषणा की। इस समारोह में मौजूद प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप के चेयरमैन आर बी गौतम ने इस कैंप में सभी



प्रतिभागी मूर्तिकारों का अभिनंदन किया। साथ ही इन्होंने बताया कि इस कैंप के माध्यम से स्क्रैप मैटिरियल का इस्तमाल करते हुए अपनी मूर्ति शिल्पों का निर्माण करेंगे जिसके द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रेषित किया जाएगा।

इस चार दिवसीय कैंप में लगभग पंद्रह कलाकार भाग ले रहे हैं। जिनमें वरिष्ठ चित्रकार एवं मूर्तिकार भवानी शंकर शर्मा, गिरिराज शर्मा, हंसराज कुमावत, हरिराम कुमावत, एलएल नागा, सुनील कुमार गांधी, अमित कल्ला, गीता चौहान, जॉय सिंह, कीर्ति शर्मा, कृतिका पारीक, रुचिका जोशी आदि शामिल हैं। इस कैंप के दौरान बनाई गई वस्तुओं को कैंप के अंतिम दिन प्रदर्शित किया

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**05/09/2016**

# स्पेशल बच्चों ने खेले गेम्स



**एसएफएस.** लाउड म्यूजिक पर डांस, फेवरिट गेम्स में पार्टिसिपेट करते स्पेशल बच्चे। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर। मौका था द आईआईएस यूनिवर्सिटी में स्पेशल बच्चों के लिए पैरास्पोर्ट्स मीट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन का। ईक्वल अपार्च्युनिटी सेल स्पोर्ट्स बोर्ड और एनएसएस के सहयोग से हुए इस प्रोग्राम में कॉलेज की गर्ल्स के साथ मिलकर बच्चों के लिए अलग-अलग एक्टिविटीज आयोजित की गई। जिसमें स्पेशल बच्चों के साथ कॉलेज की गर्ल्स ने सेल्फी भी खींचवाई। इस मौके पर एनजीओ उमंग, दिशा, गरिमा, स्वीकार, माइल स्टोन के स्पेशल बच्चों ने हॉकी का मैच खेला। हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को कॉलेज में याद किया गया। साथ ही एग्जीबिशन भी लगाई गई। इसके अलावा बच्चों ने बॉल थ्रो, रिंग थ्रो, लेमन डांस, बैलून रेस में जमकर एंजॉय किया। कॉलेज की गर्ल्स ने बच्चों के साथ इंटरेक्शन कर उनकी बातों को सुना।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**30-8-2016**

# दिव्यांग बच्चों ने स्पोर्ट्स डे को बनाया स्पेशल



जयपुर | खेल दिवस पर आईआईएस यूनिवर्सिटी में सजी थी दिव्यांग बच्चों की महफिल। खेल दिवस पर विभिन्न खेलों में हिस्सा लेते हुए इनका जुनून और जज्बा देखते ही बनता था। किसी भी तरह ये बच्चे सामान्य बच्चों से कमतर नहीं थे। इन बच्चों के चेहरे की मासूमियत भरी मुस्कान देख कर वहां मौजूद लोगों के दिल पसीज गए। सारे दुखों को भूल कर इन विशेष बच्चों ने 'पैरा स्पोर्ट्स मीट' में हिस्सा लिया। इस मौके को स्पेशल बनाते हुए ये बच्चे बॉलीवुड सॉन्ग्स पर थिरके और कॉम्पीटिशन में जीत के लिए जोरआजमाइश की। स्पोर्ट्स बोर्ड और नेशनल सर्विस स्कीम यूनिट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में दिशा, माइलस्टोन, निर्माण, स्वीकार, गरिमा और उमंग के स्पेशल चाइल्ड्स ने हॉकी, सॉफ्ट बॉल थ्रो सहित विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**

**30-06-2016**

# एडवेंचर, ट्रेकिंग और फायरिंग

## नेवी, एयरफोर्स और आर्मी के हैं कैडेट्स, 550 कैडेट्स ले रहे हैं ट्रेनिंग

## 1 राज बटालियन का प्री-आईजीसी और सीएटीसी कैम्प



**यह है दिनचर्या**

- 5 बजे जागना
- 6 बजे पीटी, योग, ड्रिल
- 8 बजे वेपन ट्रेनिंग, मैनेजमेंट एंड लीडरशिप लेक्चर, एडवेंचर, ट्रेकिंग, आपदा प्रबंधन
- 12.40 के बाद रेस्ट
- 4-6 बजे कल्चरल एक्टिविटी, डिबेट्स, लेक्चर फॉर टैलेंट
- 6 बजे डिनर
- 8.30-9.30 कल्चरल प्रोग्राम



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर • एडवेंचर, ट्रेकिंग और फायरिंग। तो कहीं वन टू वन की कड़क आवाज पर परेड करते कैडेट्स। मैनेजमेंट और लीडरशिप पर लेक्चर तो कहीं डिजास्टर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग। देशभक्ति और लोकगीतों पर डांस प्रैक्टिस। यही सब एक्टिविटीज हो रही हैं एनसीसी के एनुअल कैम्प में। एनसीसी ग्राउंड में टेन डेज का प्री-आईजीसी (इंटर ग्रुप कॉम्पीटिशन) और सीएटीसी (कम्बाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प) कैम्प चल रहा है। इसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के 550 कैडेट्स ट्रेनिंग ले रहे हैं। ये कैडेट्स सुबह पांच बजे जागने के बाद से रात 10 बजे तक डिफरेंट एक्टिविटीज में एक्टिव रहते हैं। कैम्प में नेवी, आर्मी और एयरफोर्स के कैडेट्स शामिल हैं। सूबेदार (ट्रेनिंग जेसीओ) धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कैम्प में टोंक, दौसा, सीकर, पिलानी, चूरू, झुंझुनू और कोटपूतली के कैडेट्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह कैम्प 2 सितम्बर तक चलेगा। इसमें सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट को बुलाकर लेक्चर करवाए जा रहे हैं। यहां परफेक्ट ट्रेंड हुए कैडेट्स को गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होने वाले सेलिब्रेशन में परेड के लिए भेजा जाएगा।

### वेपन ट्रेनिंग में इंटरेस्ट

कैडेट्स वेपन ट्रेनिंग में सबसे ज्यादा उत्साह दिखा रहे हैं। इन्हें सेना के उपयोग में लिए जाने वाले दर्जनों वेपन की नॉलेज दी जा रही है। कैडेट्स से 0.22 राइफल (डीलक्स) और 7.62 एसएलआर (सेल्फ लोडिंग राइफल) से परेड करवाई जा रही है। कैम्प कमांडेंट (सेना मेडल) ए.एस. बरियावल ने बताया कि 0.22 राइफल को हल्का बनाया गया है। पूर्व में यह 75 परसेंट लकड़ी और 25 परसेंट लोहे से बनने के कारण भारी थी। मॉडिफाई करने के बाद [illegible] किलो की रह गई है। पहले इससे एक एक राउंड भरना होता था, अब एक [illegible] 10 राउंड भरे जाते हैं। [illegible] उठाकर फायर करने में [illegible] निशाना भी सटीक होता है। कैडेट्स [illegible] पुलिस अकादमी, [illegible] रेंज और आर्मी [illegible]

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**27/08/2016**

### दैनिक भास्कर के 'एक पेड़ एक जिंदगी' अभियान में लगातार लगाए जा रहे हैं पौधे

# कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं

**सिटी रिपोर्टर** • पेड़ लगाकर प्रकृति को बचाने के लिए शहरवासी दैनिक भास्कर के अभियान 'एक पेड़ एक जिंदगी' को सार्थक बना रहे हैं। साथ ही बच्चों और युवाओं को पेड़ लगाने के लिए मोटिवेट करने का श्रेय भी इस अभियान को देते हैं। इसी से जुड़कर शुक्रवार को भी विभिन्न स्कूल, कॉलेजों, मंदिर परिसरों, विभागों, सामाजिक संस्थानों की ओर से पौधे लगाए गए। सभी ने पेड़ लगाकर जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाने तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अभियान से जुड़ने के लिए पेड़ लगाकर हमें नं. 8824165479 पर वॉट्सएप कीजिए।

**जब भी हो सके अपनी सुविधा अनुसार एक पेड़ जरूर लगाएं, यह समाज के लिए आपकी व्यक्तिगत भागीदारी होगी।**




• पुलिस लाइन में डीसीपी (हैडक्वार्टर) गौरव श्रीवास्वत, संचित निरीक्षक राजेन्द्र खंडेलवाल तथा 30 पुलिसकर्मियों ने मिलकर पौधे लगाए।




• दी आईआईएस यूनिवर्सिटी की एनएसएस गर्ल्स, प्रिंसीपल राखी गुप्ता एवं पार्षद मुकेश लखियानी के संयुक्त प्रयास से मानसरोवर स्थित एक गार्डन में पौधे लगाए गए।



• वीआईटी कैम्पस में प्रो. डॉ. एम. रायसिंघानी, योगेश कुमार विजय, डॉ. आर. के. खन्ना, वाई. सी. योगेश चंद्र शर्मा ने पौधे लगाए।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Samachar Jagat**
**24/08/2016**

# डिसेबिलिटी सेन्सिटाइजेशन प्रोग्राम



**जयपुर (कासं)।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के ईक्वल ऑपरच्यूनिटी सेल और गैर-सरकारी संस्था उमंग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को डिसेबिलिटी सेन्सिटाईजेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। स्पेशली एबल्ड बच्चों के दर्द एवं तकलीफ को सामान्य बच्चों को महसूस कराने के मकसद से एक एक्टिविटी करवाई गई जिसके तहत कुछ सामान्य बच्चों को व्हीलचेयर पर बिठाया गया तो कुछ की आंखों पर पट्टी बांध गई एवं नी-कैप पहनाए गए। ऐसी स्थिति में यह बच्चे दूसरे बच्चों क सहायता से पूरा कैम्पस घूमते हुए उन सभी परेशानियों से गुजरे, जिनस शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को रोजाना दो-चार होना पड़ता है। ऐस करने से बच्चों ने उस अनुभव को आत्मसात किया जिसे वो सामान्य रह हुए कभी नहीं कर पाते। इस अवसर पर मौजूद एनजीओ उमंग रिहैबिलिटेशन सेंटर की अध्यक्ष डॉ सुहाना सोगानी ने बच्चों से अप किस्सा साझा किए।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Samachar Jagat**
**18/08/2016**

# राजस्थान राज्य महिला आयोग की ओर से विधिक जागरूकता शिविर

**जयपुर।** राजस्थान राज्य महिला आयोग एवं सेंटर फॉर वुमन स्टडीज, आईआईएस यूनिवर्सिटी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सुमन शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित किया।



कार्यक्रम की शुरुआत विवि के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता के स्वागत सम्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने सुमन को अपना कीमती समय विवि को देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा महिला विवि होने के नाते उन्होंने यहां के स्टूडेंट्स एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

तत्पश्चात् सुमन ने हर एक महिला को विधिक जानकारी होने की आवयश्कता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय बदला है एवं महिलाओं ने हिंसा के प्रति आवाज उठाना भी शुरू किया है, जो एक अच्छी पहल है परन्तु आज भी उनकी सुरक्षा एवं सुविधा के लिए बनाए गए कानून एवं अधिकारों से महिलाएं आज भी अनभिज्ञ हैं। अपने पास आए ऐसे तमाम मामलों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने तो पहुंच जाती हैं पर उन्हें यह नहीं मालूम होता कि आरोपी पर कौन-सी धारा लागू होगी, जिसका नतीजा यह होता है कि आरोपी को उचित सजा नहीं मिल पाती।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**15/08/2018**

एडमिशन लेकर इंग्लिश लिटरेचर, सोशल साइंस, विमन स्टडीज और हिस्ट्री पढ़ने में दिखा रहे हैं रुचि -


# स्पेशल बच्चों को मिली एजुकेशन की आजादी

**सिटी रिपोर्टर** • आजादी के इतने सालों बाद भी कई मायनों में हम पुरानी सोच और सिस्टम की बंदिशों से आजाद नहीं हो पाएं हैं। तभी तो हमारे शहर के स्पेशल बच्चों को नॉर्मल स्टूडेंट्स के साथ कॉलेज में पढ़ने की आजादी इतने सालों बाद मिली। वो भी इसलिए क्योंकि कुछ कॉलेजेज ने आगे बढ़कर इन्हें अपनाया और उन्हें बाकी स्टूडेंट्स के साथ हमकदम होकर आगे बढ़ने का मौका दिया।

आंखों में उज्जवल भविष्य के सपने लिए किसी को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है तो किसी को सिविल सर्विस में जाना है। नॉर्मल बच्चों की तरह हायर स्टडीज का सपना पूरा करने के लिए तपस्वी, मुस्कान और विद्या अपने कदम आगे बढ़ा चुकी हैं। 12वीं क्लास में अच्छा स्कोर करने के बाद हाल ही में इन तीनों बच्चों ने कॉलेज में एडमिशन लिया है। जहां वह अपने पसंदीदा सब्जेक्ट नॉर्मल स्टूडेंट्स के बीच पढ़ रहे हैं। तीनों कॉलेज लाइफ को एंजॉय कर रहे हैं। कॉलेज में नए दोस्त बना रहे हैं और मन लगाकर अपनी एजुकेशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सिटी रिपोर्टर ने इन तीनों से मिलकर उनके कॉलेज अनुभव और



आईसीजी कॉलेज [illegible]न स्टडी पढ़ते हुए स्पेशल चाइल्ड [illegible] और मुस्कान।



तपस्वी परिष्कार कॉलेज आते हुए।

## गर्ल्स स्टूडेंट्स को मिला सब्जेक्ट


24 वर्षीय फर्स्ट ईयर स्टूडेंट [illegible] धनकड़ और 19 वर्षीय मुस्कान जैन के [illegible] मन स्टडी पर नया सिलेब्स तैयार किया [illegible] पहले से ही राइट्स के लिए काम कर [illegible] अब विमन राइट्स सब्जेक्ट मिलने प[illegible] द खुश हैं। इंग्लिश लिटरेचर सभी [illegible] साथ पढ़ रही हैं, पर विमन स्टडी [illegible] दोनों को अलग क्लास दी जा रही [illegible] ों के लिए एग्जामिनेशन में चॉइस [illegible] जहां 10 सवालों में कोई भी 6 सवा[illegible] जवाब देने पर इन्हें पास माना जाएगा। आईसीजी कॉलेज में फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स विद्या और मुस्कान ने कहा कि कॉलेज आने का एक्साइटमेंट तब और बढ़ गया जब हमें पता चला कि हम साथ कॉलेज जाएंगे। कॉलेज में एडमिशन मिलने की खुशी अभी तक है। यहां पर सभी टीचर और स्टूडेंट्स बहुत सपोर्ट करते हैं। आने वाले दिनों में फ्रेशर्स पार्टी होगी, उसे देखने के लिए हम बहुत उत्साहित हैं। मुस्कान ने कहा कि मैंने कभी सोचा नहीं था कि मुझे यहां पढ़ने का मौका मिलेगा। यहां बहुत नए फ्रैंड बन गए हैं जो हमारी पढ़ाई करने में मदद करते हैं। परिष्कार कॉलेज में फर्स्ट ईयर स्टूडेंट तपस्वी शर्मा ने 12वीं क्लास में हिस्ट्री में 93 प्रतिशत मार्क्स स्कोर किया। वह आईएएस अफसर बनना चाहता है। उन्होंने बताया कि हायर एजुकेशन को पूरा करना मेरा पहला सपना है। उसके बाद मुझे सिविल सर्विस की तैयारी करनी है।

उमंग की डायरेक्टर दीपक कालरा ने बताय[illegible] कि पिछले साल 12वीं क्लास के 4 बच्चों क[illegible] बैच था। इन बच्चों ने बहुत ही अच्छा स्को[illegible] किया। कोई सिविल सर्विस में जाना चाहता [illegible] तो किसी को सॉफ्ट वेयर इंजीनियर बनना है [illegible] स्टडी के प्रति लगाव और अच्छा स्कोर हासि[illegible] करने पर इन्हें एजुकेशन में आगे बढ़ाने के लि[illegible] शहर के कॉलेज इनिशिएटिव ले रहे हैं।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**13/06/2016**

# नुक्कड़ नाटक के जरिए किन्नरों के दर्द को समझाया



**नव एक्सप्रेस**

द आईआईएस यूनिवर्सिटी की थिएट्रिकल सोसायटी के स्टूडेंट्स की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय की थिएटर सोसायटी संयोजक डॉ.अदिति आर खंडेलवाल ने बताया कि देश कितना तरक्की कर रहा है, लेकिन कई सामाजिक मुद्दे ऐसे हैं जिस पर तुरन्त ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है, जिनमें से ट्रांसजेंडर एक ऐसा ही मुद्दा है। इस नुक्कड़ नाटक में 34 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इसके जरिए स्टूडेंट्स ने किन्नरों को समाज का हिस्सा समझने एवं उन्हें समान अधिकार देने की गुहार लगाई।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrik**
**03/08/2016**




Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**03/08/2016**

# छात्राओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण क

**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**




जयपुर। दी आईआईएस विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं पार्षद मुकेश लखियानी के सहयोग से मंगलवार को मानसरोवर स्थित वुडलैंड गार्डन में पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर पार्षद सहित विश्वविद्यालय की रेक्टर एवं रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की संयोजक प्रो. शरद राठौड़, जयपुर की उद्यान समिति की चेयरपर्सन विमलेश मीणा, मंडल अध्यक्ष इंद्र लाल, बीजेपी एवं वार्ड अध्यक्ष कुणाल चौधरी भी मौजूद थे। विश्वविद्यालय की लगभग 150 एनएसएस छात्राओं ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्रो. शरद राठौड़ के अनुसार इससे पहले रायसर फॉरेस्ट रेंज में 200 से 300 पौधे लगाए गए थे।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**03/08/2016**

# एनएसएस इकाई ने किया पौधारोपण



नवज्योति, जयपुर

दी आईआईएस विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं पार्षद मुकेश लखियानी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को थड़ी मार्केट मानसरोवर स्थित वुडलैंड गार्डन में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में करीब 150 एनएसए की छात्राओं ने प्रकृति को बचाए रखने और शहर को प्रदूषण रहित रखने का संकल्प लेते हुए पेड़ लगाए। इस अवसर पर पार्षद सहित विश्वविद्यालय की रेक्टर डॉ. राखी गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की संयोजक प्रो. शरद राठौड़, जयपुर की उद्यान समिति की चेयरमैन विमलेश मीणा, मंडल अध्यक्ष इंद्र लाल, बीजेपी एवं वार्ड अध्यक्ष कुणाल चौधरी भी मौजूद थे।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**10/06/2016**

# बच्चों ने दी सेल्फ डिफेंस की प्रस्तुतियां



सिटी रिपोर्टर • दी आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित समर कैंप का गुरुवार को समापन समारोह हुआ। कैंप में बच्चों ने डांस से लेकर थिएटर, स्पोर्ट्स, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि कोर्सेज में भाग लिया। अंतिम दिन बच्चों ने एरोबिक्स, सेल्फ डिफेंस, स्केटिंग, बास्केटबॉल, ड्रामा आदि विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियां दीं। कंप्यूटर में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए डेस्कटॉप लर्निंग, साइबर स्पेस की क्लासेस भी आयोजित की गईं।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**13/03/2016**

# बजट के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा




**मेट्रो रिपोर्टर** जयपुर ■ 12 मार्च

ाईआईएस यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ सोर्स मैनेजमेंट एवं इंटरनेशनल बिजनेस था सेंटर फॉर रिसर्च, इनोवेशन एंड ट्रेनिंग ी ओर से शनिवार को 'यूनियन बजट 016-17: एक्सपेक्टेशंस एंड आउटकम' वेषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इसमें राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के लगभग 200 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। पहला सत्र पैनल डिस्कशन पर आधारित रहा। इसमें उद्योग एवं शिक्षा जगत के विद्वानों ने बजट का विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ रहे प्रभाव पर विस्तार एवं गंभीरता से चर्चा की।

सेमिनार के दूसरे सत्र में स्टूडेंट्स ने प्रेजेंटेशन के जरिए बजट के बारे में अपनी राय व्यक्त की। सीए राजीव सोगानी, सीए आशीष मोदानी, राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रो. एन. डी. माथुर और जयसिंह कोठारी पैनलिस्ट के तौर पर सेमिनार में शामिल हुए। अंत में बेहतर प्रेजेंटर्स को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसमें एमेटी यूनिवर्सिटी से सोजिया वेल्लालर कमेश ने प्रथम एवं करिश्मा शर्मा तथा द आई आई एस यूनिवर्सिटी से सोनाली काबरा द्वितीय स्थान पर रहे।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

Rajasthan Patrika
**12/03/2016**

# गर्ल्स ने सीखे आत्मरक्षा के सिखे गुर



**एसएफएस.** महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से द आईआईएस यूनिवर्सिटी में दस दिवसीय सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का समापन हुआ। जिसमें सक्षम प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) और स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट की 500 गर्ल्स ने हिस्सा लिया। हैड कोच मनोज गोयर और उनकी टीम ने गर्ल्स को मजबूत और आत्मविश्वासी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। इन दस दिनों में गर्ल्स ने मार्शल आर्ट्स, जूडो, कराटे, कुंग-फू, हथियार द्वारा हमला, हैंड रिमूव टेक्निक और कई किक तकनीकों को आत्मसात किया। कार्यक्रम के अंत में सभी गर्ल्स को प्रतिभागिता सर्टिफिकेट भी दिए गए।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Navjyoti**
**03/03/2016**

कला प्रदर्शनी अभिव्यक्ति एक प्रयास सम्पन्न

# सामाजिक मुद्दों पर बनाए कैम्पेन आकर्षण का केंद्र



नव एक्सप्रेस

कला की असली पहचान सिर्फ कला के कद्रदानों को होती है और अगर कला प्रेमियों को उस आर्ट वर्क के पीछे छिपी मेहनत एवं भाव समझ आ जाएं तो मानो सारी मेहनत सफल। कुछ ऐसा ही हुआ जब दी आईआईएस विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट्स विभाग की छात्राओं द्वारा जवाहर कला केंद्र में आयोजित की गई सोलहवीं वार्षिक कला प्रदर्शनी अभिव्यक्ति एक प्रयास 2015-16 में उनके कार्य के लिए उन्हें भरपूर प्रशंसा एवं सराहना मिली। इस पांच दिवसीय कला प्रदर्शनी का समापन मंगलवार को किया गया। विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट्स विभाग की लगभग 170 छात्राओं ने मोजाएक, अप्लाइड, स्कल्पचर, इलस्ट्रेशन, कैरिकेचर जैसे कला की विभिन्न विधाओं में किए गए अपने कार्यों को प्रदर्शनी के द्वारा दर्शाया। इस मौके पर लगभग 2000 से भी अधिक कलाकृतियों को डिस्प्ले किया गया। वजुअल विभाग के अध्यक्ष श्वेत गोयल ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं

**Samachar Jagat**
**07/02/2016**

# महिलाओं को आत्मनिरीक्षण करना जरूरी : डॉ. प्रोमिला बत्रा

**जयपुर (कार्स)।** आईआईएस विवि के साइकोलॉजी विभाग की ओर से इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च, नई दिल्ली के सान्निध्य में महिला, स्वास्थ्य एवं पहचान : बहुआयामी परिप्रेक्ष्य का पुनरीक्षण विषय पर आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस का शनिवार को समापन हुआ।

कॉन्फ्रेंस का दूसरा दिन पांच तकनीकी सत्रों में सम्पन्न हुआ। पहले तकनीकी सत्र में महिलाओं के स्वास्थ्य पर चर्चा हुई जिसमें मौजूद वक्ता एमडीएस विवि रोहतक के साइकोलॉजी विभाग की डीन डॉ. प्रोमिला बत्रा ने महिला पर हो रहे अत्याचारों पर चर्चा करते हुए कहा कि 70 प्रतिशत महिलाएं अपनी जिंदगी में अत्याचारों का शिकार होती हैं।

दूसरे तकनीकी सत्र में मीडिया कार्यकर्ता संगीता प्रणवेंद्र एवं शिप्रा माथुर ने महिलाओं के




स्वास्थ्य, पहचान एवं मास मीडिया पर चर्चा की जिसमें महिलाओं से जुड़े कई मुद्दे उठाए। संगीता ने मीडिया क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे देश की केवल 4 प्रतिशत महिलाएं मीडिया संगठनों में काम कर रही हैं।


उन्होंने मीडिया से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें इस मिथ्या को दूर करना होगा कि महिला ही महिला की दुश्मन है। वहीं मीडिया कार्यकर्ता डॉ. शिप्रा माथुर ने बताया कि राजस्थान में पिछले साल में 414 गैंग रेप्स हुए पर किसी ने भी आवाज नहीं उठाई। उन्होंने नींव अभियान, लाडो अभियान तथा आठवां वचन पर किए गए कार्यों से ऑडियंस को अवगत करवाया। इस अवसर पर 30 ओरल एवं 65 पोस्टर्स प्रस्तुत किए गए एवं बेस्ट प्रेजेंटर को पुरस्कृत किया गया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Samachar Jagat**
**07/02/2016**

# 'बेटियां नहीं हैं मां-बाप पर बोझ'

## दिया बेटी बचाओ का संदेश



**जयपुर (कासं)।** दी आईआईएस विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स विभाग की ओर से बेटी बचाओ योजना की महत्ता एवं आवयकता के बारे में छात्राओं को जागरूक करने के मकसद से शनिवार को एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सलाहकार, योग गुरु एवं बेटी बचाओ अभियान में योगदान दे रहे देवेंद्र अग्रवाल ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। सरकार से लेकर स्वयंसेवी संस्थाएं बेटी बचाओ का संदेश जन-जन तक फैला रहीं हैं परन्तु देवेंद्र एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने इस क्षेत्र में एक कदम आगे की सोच रखते हुए पालना ग्रह शुरूकिया जिसकी वजह से 133 बच्चियों को परिवार मिल सका है। इतना ही नहीं अब वो जल्द ही बेटी गार्डन की शुरूआत करने जा रहे हैं, जहां बेटियों का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय की छात्राओं से रूबरूहोते हुए उन्होंने इस नेक काम के पीछे छिपी सोच को उजागर किया एवं कहा कि बेटी किसी भी मां-बाप पर बोझ नहीं हो सकती हैं परन्तु अगर किसी परिवार को किसी भी कारणवस बेटी नहीं चाहिए तो उसे किसी कूड़े के ढ़ेर या मंदिर के सामने फैंकने की बजाए ऐसे पालना ग्रह में रख दिया जाए, जहां वो सुरक्षित रह सकती है। देवेंद्र ने हाल ही में हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक परिवार ने अपनी दो दिन की बेटी को कांटे के ढ़ेर में फेंक दिया जिसे उन्होंने उठाकर हॉस्पिटल में भर्ती किया और वो अभी तक भी ओपीडी में अपनी जिंदगी एवं मौत के बीच झूल रही है। देवेंद्र के अनुसार छात्राएं उनके लिए एक ऐसा भविष्य है जो उनकी इस मुहीम को आगे ले जा सकती हैं। उनका मानना है कि लोग शिक्षित तो हो रहे हैं परन्तु मानसिकता का विकास नहीं हो पा रहा है और यही वजह है कि बेटियों को न अपनाना, उनपर अत्याचार करना आदि जैसी घटनाएं अनपढ़ परिवारों तथा गांवों से कहीं ज्यादा पढ़े-लिखे लोागों एवं शहरों में देखने को मिल रही हैं। छकार्यक्रम के अंत में विवविद्यालय की खेल अध्यक्ष जया त्रिवेदी ने योग गुरूको अपना अनमोल समय छात्राओं के साथ व्यतीत करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Dainik Bhaskar**
**30/01/2016**

# एनएसएस कैंप में सीखे डिफेंस के गुर

**सिटी** रिपोर्टर • दी आईआईएस यूनिवर्सिटी की एनएसएस यूनिट की ओर से आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैम्प में सौ से अधिक स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। रविवार तक चलने वाला यह कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास को समर्पित है। जिसके लिए कई गेस्ट लेक्चर आयोजित किए गए हैं। इसमें वर्ल्ड कराटे चैम्पियनशिप 2013 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्लेयर धनंजय त्यागी ने स्टूडेंट्स को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम में स्किन एक्सपर्ट डॉ. विवेक रूंगटा ने छात्राओं को स्किन केयर से संबंधित जानकारियां दीं।



Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**National Duniya**
**13/1/2016**

# विवेकानंद के विचारों से रुक सकती है युवाओं में आत्महत्या की सोच



नेशनल दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में मंगलवार को विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय निदेशक एवं पूर्व आईएएस आर एन अरविंद ने विवेकानंद के युवाओं के लिए विचार विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को निराशा अथवा असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि मुसीबत का समाधान खोज कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कोटा में मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं को रोकने के लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों के प्रसार की जरूरत पर जोर दिया। उनका कहना था कि [illegible] परिणाम [illegible] भी करना सीखें। [illegible] आत्महत्या करना कायरता है। [illegible] करने की आवश्यकता है।

स्वामी विवेकानंद की [illegible] जयंती पर [illegible] स्कूलों में शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारियों ने कक्षा में जाकर पढ़ाई करवाई। गांधी सर्किल स्थित पोद्दार स्कूल में प्रशासनिक सुधार विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव [illegible] सर्व शिक्षा अभियान के संयुक्त सचिव अन्य अधिकारियों ने भी [illegible] स्कूलों में बच्चों को [illegible] किया।

आईआईएस [illegible] की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से युवा दिवस एवं 150 वीं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर संगोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के पॉलिटिकल साइंस विभाग से डॉ. पूनम शर्मा ने स्टूडेंट्स को स्वामी विवेकानंद की जिंदगी एवं विचारों से रूबरू करवाया। डॉ. पूनम ने अपने व्याख्यान के [illegible] स्वामी [illegible] साथ साझा किए। डॉ. पूनम ने छात्राओं को कहा कि सफल होने के लिए अपने दृष्टिकोण को केंद्रित रखें तथा पूर्ण समर्पण के साथ सपनों को पूरा करें। इसी के साथ ही छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक विचारों से भी रूबरू करवाया गया। डॉ. पूनम ने विवेकानंद के उपदेश उठो, जागो एवं लक्ष्य को प्राप्त किए बिना रूको मत एवं पूरे ब्रह्माण्ड की शक्ति तुम्हारे अंदर है को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए स्टूडेंट्स को प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों को देश की सेवा करने के मकसद से शपथ ग्रहण

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Daily News**
**13/01/2016**

# समर्पण के साथ करें काम

जयपुर। दी आई.आई.एस यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से युवा दिवस एवं 150वीं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विवि के पॉलिटिकल साइंस विभाग के डॉ. पूनम शर्मा ने स्टूडेंट्स को स्वामी विवेकानंद की जिंदगी एवं विचारों से रूबरू करवाया। डॉ. पूनम ने अपने व्याख्यान के जरिए जिंदगी के विभिन्न पहलुओं पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को छात्राओं के साथ शेयर करते हुए कहा कि सफल होने के लिए अपने दृष्टिकोण को केंद्रित रखें तथा पूर्ण समर्पण के साथ सपनों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि उठो, जागो और अपने लक्ष्य को प्राप्त किए बिना रुको मत।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Rajasthan Patrika**
**03/10/2015**

# ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन

**एसएफएस.** द आईआईएस यूनिवर्सिटी की एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में 16वें ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में शांति और सौहार्द का संदेश देने के लिए यह कैम्प लगाया गया। गर्ल्स ने कैम्प में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैम्प में 82 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के डायरेक्टर डॉ. आर.एस. राजावत उपस्थित थे।

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020

**Jaipur Mahanagar Times**
**2/10/2015**

# नारी शक्ति ने जगाई रक्तदान की अलख

## राष्ट्रीय रक्तदान जागरूकता दिवस पर महिला महारैली, बेटे बेटी को समझाओ, मानवता का फर्ज निभाओ के लगे नारे

नेशनल दुनिया

जयपुर। राष्ट्रीय रक्तदान जागरूकता दिवस पर स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और रक्तदान परिसंघ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रक्तदान संकल्प महिला महारैली निकाली गई। रैली में रक्तदान महादान-नारी शक्ति का ऐलान, नारी शक्ति को पहचान और नारी शक्ति कदम बढ़ाओ, बेटे बेटी को समझाओ, मानवता का फर्ज निभाओ, रक्तदान की ज्योत जलाओ... जैसे नारे से रवींद्र मंच परिसर गूंज उठा। हजारों की संख्या में महिलाओं और युवतियों ने रक्तदान के संकल्प के साथ रैली का आगाज किया। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री किरण माहेश्वरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अरुण चतुर्वेदी और जयपुर सांसद रामचरण बोहरा सहित अन्य अतिथियों ने बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, युवक-युवतियों और महिलाओं को रक्तदान का संकल्प दिलाया। बाद में उन्होंने रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया।



रक्तदान की अपील करता शहर के प्रमुख मार्ग से गुजरता महिलाओं और युवतियों का रेला। नेशनल दुनिया

### प्राण बचाने के लिए रक्त ही सर्वप्रथम आवश्यक : राठौड़

रैली को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि आज तक चिकित्सा विज्ञान रक्त का कोई विकल्प नहीं खोज पाया है। अतः स्वैच्छिक रक्तदान ही रक्त का एक मात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि पिछले साल हुई 35 हजार 600 सड़क दुर्घटनाओं में 10 हजार 500 लोगों की मौत हो गई। ऐसे में घायलों के प्राण बचाने के लिए रक्त की सर्वप्रथम आवश्यकता होती है।



रवींद्र मंच से रैली रवाना करते राजेन्द्र राठौड़ और किरण माहेश्वरी। नेशनल दुनिया

### आसमां छूने की है आस, गर मिल जाए थोड़ा विश्वास : माहेश्वरी

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री किरण माहेश्वरी ने कहा कि 'हम' नारी सशक्तिकरण की मिसाल तब ही दे पाएंगे, जब रक्तदान में महिलाओं का योगदान बढ़ेगा। आसमां छूने की है आस, गर मिल जाए थोड़ा विश्वास... पंक्तियों के साथ उन्होंने उपस्थित महिला समुदाय को प्रेरणा दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जयपुर प्रांत प्रचारक शिवलहरी, डॉ. रमेश अग्रवाल, उपमहापौर मनोज भारद्वाज, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, जयपुर के विधायक मोहन लाल गुप्ता, सुरेंद्र पारीक, लक्ष्मीनारायण बैरवा सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख, क्लब के पदाधिकारी व सदस्य, स्कूल एवं कॉलेजों के प्राचार्य, [illegible] निदेशक भी मौजूद थे।

### 82 यूनिट रक्त एकत्रित

द आई आईएस यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में गुरुवार को 16वें ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 82 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन दिवस एवं गांधी जयंती के उपलक्ष्य में शांति एवं सौहार्द का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। कैम्प का उद्घाटन विश्वविद्यालय [illegible] ने किया। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने कैम्प में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के डायरेक्टर डॉ. आर.एम. सजावत ने अपनी 14 सदस्यीय टीम के साथ कैम्प में सेवाएं दीं। अंत में डॉ. सजावत ने छात्राओं को रक्तदान की महत्ता आदि के प्रति जागरूक किया।



आईआईएस विवि में रक्तदान करते [illegible]। नेशनल दुनिया

Registrar
IIS (deemed to be University)
Mansarovar, Jaipur-302020